दीपोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं

श्री डूंगरगढ़ टाइम्स

9414917401 ♦ बुधवार ♦ 11 नवम्बर, 2026 ♦ Email : sridungargartimes@gmail.com ♦ अंक - 911

दीपावली मनाकर खेत लौट रहा परिवार हुआ हादसे का शिकार - दो

सगे भाइयों की हुई मौत, बिलख उठा परिवार, माहौल गमगीन









श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 11 नवंबर 2026। क्षेत्र में सोमवार शाम लखासर टोल के पास दो वाहनों की आमने-सामने हुई भीषण भिड़ंत में दो सगे भाइयों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में दोनों वाहनों में सवार कई लोग घायल हो गए, जिनमें छह घायलों को गंभीर हालत में बीकानेर रेफर किया गया है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार नोमासर बास निवासी बुधाराम पुत्र पुराराम सायच अपने परिवार के साथ दीपावली का त्योहार मनाने के बाद नारसीसर स्थित अपने खेत लौट रहे थे। इसी दौरान लखासर टोल के पास सामने से टोल बैरियर तोड़ कर तेज गति में आई दूसरी गाड़ी से उनकी गाड़ी की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में 60 वर्षीय बुधाराम सायच और उनके छोटे भाई 55 वर्षीय रामदेव सायच की मौत हो गई। दोनों के शव उपजिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गए। हादसे में परिवार के 17 वर्षीय अंकित पुत्र हनुमानाराम जाट और 60 वर्षीय शांतिदेवी पत्नी बुधाराम जाट गंभीर घायल हुए, जिन्हें बीकानेर रेफर किया गया है। वहीं 35 वर्षीय गमना पत्नी हनुमानाराम तथा दो बालिकाएं अनुष्का और इलू घायल हुई हैं। इनका उपचार श्रीडूंगरगढ़ उपजिला अस्पताल में किया गया। दूसरे वाहन में सवार बाना निवासी पूनम बाना और बिग्गा निवासी देवीलाल जाखड़ को भी घायल अवस्था में बीकानेर रेफर किया गया है। वहीं इन्हीं के साथ बाना निवासी श्रवण भी हादसे में घायल हुआ है। दुर्घटना की सूचना मिलने पर थानाधिकारी कश्यप सिंह राघव और एसआई सुभाष अस्पताल पहुंचे तथा घायलों की स्थिति की जानकारी लेते हुए हादसे के बारे में जानकारी जुटाई। क्षेत्र में इस भीषण दुर्घटना से शोक की लहर छा गई है। मोमासर बास में माहौल गमगीन हो गया और परिवार के लोग इस काल के क्रूर प्रहार से बिलख उठे। मोहल्ले वासियों व जानकारों ने परिवार को सांत्वना दी। परिजनों के आज शाम पहुंचने के बाद दोनों शव उनके सुपुर्द किए गए और अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

हाइवे पर बिग्गा के निकट हुए हादसे में अपडेट

बैठक से लौट रहें एक ही परिवार के 9 सदस्य घायल, एक की हुई मौत, वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 11 नवंबर 2026। दीपावली के दिन 8 नवंबर को गांव बिग्गा के निकट हाइवे पर दोपहर करीब 2.30 बजे एक हैरियर और एक बोलेरो में आमने सामने टक्कर हो गई थी। इस दुर्घटना में बोलेरो सवार बीनादेसर निवासी एक ही परिवार के 9 सदस्य घायल हो गए थे। इन्हें श्रीडूंगरगढ़ उपजिला अस्पताल से बीकानेर रेफर कर दिया गया था। बीकानेर में ईलाज के दौरान 68 वर्षीय अर्जननाथ की मृत्यु हो गई। शेष खुमनाथ व भीखनाथ का ईलाज अस्पताल में जारी है। इन्हीं के साथ जेठनाथ, नारायणनाथ, सतुनाथ, नानकनाथ, सांवरनाथ, बीरमनाथ को गांव ले गए, जहां सभी बैडरेस्ट पर है। मृतक अर्जननाथ के पुत्र मोहनलाल निवासी राजलदेसर ने हैरियर चालक के खिलाफ लापरवाही व रांग राईड आकर बोलेरो को टक्कर मारने के आरोप में मामला दर्ज करवाया है। परिवादी ने पुलिस को बताया कि बोलेरो सवार उसके परिवार के सभी सदस्य बीनादेसर से बीकानेर बैठक में शामिल होकर पुनः गांव की ओर लौट रहें थे। तभी बिग्गा के निकट हैरियर चालक ने लापरवाही व गफलत में वाहन चलाते हुए बोलेरो को टक्कर मार दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच एएसआई मुकेश कुमार को सौंप दी है।

पिकअप की टक्कर से घायल वृद्ध की मौत, चालक के खिलाफ लगाए आरोप

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 11 नवंबर 2026। पिकअप की टक्कर से घायल एक वृद्ध की मृत्यु हो गई और एक चालक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। लाखनसर निवासी 24 वर्षीय बाबूलाल पुत्र कानाराम मेघवाल ने एक पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। परिवादी ने पुलिस को बताया कि 7 नवंबर 2026 की शाम करीब 4.30 बजे एक पिकअप चलक ने तेज गति में गफलत व लापरवाही से चलाकर परिवादी के ताऊ 71 वर्षीय भंवरराम को टक्कर मार दी। उन्हें उपजिला अस्पताल से रेफर करने के बाद बीकानेर पीबीएम में भर्ती करवाया गया जहां 8 नवबंर सुबह 10 बजे दौराने ईलाज परिवादी के ताऊ की मृत्यु हो गई। पुलिस ने ममला दर्ज कर जांच एएसआई सुरेश कुमार को सौंप दी गई है।

जैसलसर सरपंच नानू देवी ने कार्यभार ग्रहण किया तो ग्रामीणों ने दी विकास की भोलावन

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 11 नवंबर 2026। ग्राम पंचायत जैसलसर की ग्राम पंचायत भवन में दीपावली के दिन रविवार को उत्सव का माहौल रहा। यहां ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित सरपंच नानू देवी पत्नी चांदराम चाहर का सम्मान किया। सरपंच सहित उपस रपंच भींवसिंह, वार्ड पंच ताराचंद, विमला देवी, आसी देवी, लिछमा देवी, कानाराम चाहर और किशना राम सुथार ने कार्यभार ग्रहण किया। सरपंच नानूदेवी ने गांव में विकास का विजन बताते हुए गांव को आदर्श ग्राम पंचायत बनाने की बात कही। गांव में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और पानी की सुविधाओं को मजबूत करने की बात कही। कार्यक्रम में चांदराम चाहर, महीपालसिंह बीका, लेखराम मोट, भगवानसिंह, मदन सिंह, नरेश मोट, उदाराम शर्मा, भींया राम शर्मा,



मोहनराम गोदारा, देवाराम गोदारा, पप्पूराम गोदारा, मोहनराम जाखड़, भंवरलाल नाई, देवाराम नाई, मदनलाल नाई, मुन्नीराम नाई, नत्थाराम नाई, सांवतराम नायक, चुन्नीलाल नायक, दोलाराम नायक, घड़सीराम मेघवाल, भैराराम मेघवाल, भंवरलाल, श्रीराम, दुर्गाराम, चौथा राम, नानूराम, दीपाराम, तोलाराम, लूणाराम, मांगीलाल, परमेश्वरलाल मेघवाल, रूघाराम, धर्मपाल, लेख राम, गौरीशंकर परिहार, ओमप्रकाश सुथार, राकेश सिंह, जीतू सिंह, चुन्नीलाल चाहर, सुरजाराम चाहर, भगवानाराम चाहर, गोपालराम चाहर, नारायण चाहर, लिच्छुराम चाहर, नौरंग चाहर, मोहनराम चाहर, रावतराम चाहर, थानाराम चाहर, श्रवणराम चाहर, दुलाराम चाहर, सांवरमल चाहर, श्रवणगिरी, भैराराम चाहर, उदाराम चाहर, भागीरथ खान, रूघाराम रोलन, सहीराम मेघवाल सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।

समर्थकों ने 11.90 लाख रुपए की माला पहनाकर किया सम्मान

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 11 नवंबर 2026। पंचायती राज चुनाव में हार-जीत से परे समर्थन और सामाजिक स्नेह व सहयोग की एक अनूठी तस्वीर ग्राम पंचायत कल्याणसर पुराना में देखने को मिली। सरपंच चुनाव में पराजित प्रत्याशी प्रीता हरडू के प्रतिनिधि भंवरलाल हरडू का उनके समर्थकों एवं ग्रामीणों ने 11 लाख 90 हजार रुपए की नोटों की माला पहनाकर सम्मान करते हुए सहयोग किया। दीपावली के अवसर पर हुए इस सम्मान समारोह में ग्रामीणों ने परिवार को बड़ा राशि सहयोग देकर संबल दिया। समारोह में गांव के मौजिज ग्रामीणों सहित बड़ी संख्या में समर्थक उपस्थित रहें। इस दौरान भगवानाराम,



काजू राम, मोडाराम गोदारा, मोहनराम शर्मा, परमेश्वर शर्मा, जस्सूराम मेघवाल, खेताराम मेघवाल, रामूराम मेघवाल, भागू मेघवाल, रामनारायण हरडू, परमाराम गोदारा, ईश्वर सांसी, हरदास मेघवाल, बुधराम सांसी, पुरखाराम नायक, मदन खान, रिड़मल, रूपाराम नायक सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। भंवरलाल हरडू ने सम्मान एवं स्नेह के लिए सभी समर्थकों और ग्रामीणों का आभार प्रकट किया। चुनावी परिणाम के बाद ग्रामीणों द्वारा किए गए इस सम्मान ने गांव में सामाजिक सौहार्द और आपसी सहयोग की चर्चा क्षेत्र में हो रही है।

नए सरपंच ने बिग्गा के मौजिजों से विकास की चर्चा की

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 11 नवंबर 2026। ग्राम पंचायत बिग्गा में नवनिर्वाचित सरपंच संपत फौजी ने गांव के मौजिज ग्रामीणों से मुलाकात की और सभी ने रामा श्यामा की। मौजिज ग्रामीणों ने बिग्गा के समग्र विकास के बारे में चर्चा की। सरपंच ने सरकारी योजनाओं में गांव के गरीब की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। कार्यक्रम में संत प्रेमनाथ मौजूद रहें। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच जसवीर सारण, वार्ड पंच बुधाराम जाखड़, रामकिशोर जाखड़, ताराचंद मेघवल, गणेश रंगा, गोपाल गोदारा, सोहनलाल सारण, बालाराम तावणियां सहित अनेक वरिष्ठ शामिल हुए।



सरपंच चुनाव में हार के बाद प्रत्याशी की निकाली रैली, 55 हजार नोटों की माला पहनाकर किया सम्मान

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 11 नवंबर 2026। चुनाव में जीत और हार लोकतंत्र का हिस्सा है, परंतु चुनाव पराजित के बाद समर्थकों का स्नेह और सहयोग बना रहें, ये किसी उत्तम परिणाम से कम नहीं है। ग्राम पंचायत हेमासर के सरपंच चुनाव में पराजित प्रत्याशी शारदा देवी पत्नी सुभाष नाई के सम्मान में सोमवार को समर्थकों व ग्रामीणों ने रैली निकाली और सहयोग राशि भेंट दी। ग्रामीणों ने शारदा देवी और उनके प्रतिनिधि सुभाष नाई का अभिनंदन किया। इस दौरान 16 गाड़ियों के काफिले के साथ गांव में रैली निकाली गई और 55 हजार रुपए की नोटों की माला पहनाकर उनका सम्मान किया गया। ग्रामीणों ने गाड़ियों का खर्च भी सामूहिक रूप से वहन किया। ढोल-नगाड़ों के साथ रैली में दो नवनिर्वाचित वार्ड पंचों सहित गांव के मौजिज नागरिक, युवा, महिलाएं और समर्थक शामिल हुए। सरपंच प्रतिनिधि सुभाष नाई ने ग्रामीणों एवं वार्ड पंचों का आभार व्यक्त करते हुए जनता के बीच सक्रिय रहने की बात कही। विदित रहें क्षेत्र के गांव कल्याणसर पुराना व इंदपालसर सांखलान में भी हारे हुए प्रत्याशियों के सम्मान में समारोह के आयोजन किए गए। ये क्षेत्र में आपसी समरसता व सहयोग की मिसाल बन रहे है।





हारे हुए सरपंच प्रत्याशी को ग्रामीणों ने दिया सहारा, 1.51 लाख के नोटों की माला पहनाकर किया सम्मान

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 11 नवंबर 2026। पंचायती राज चुनाव में जीत-हार के बाद भी गांवों में आपसी भाईचारे और सामाजिक सहयोग की अनूठी मिसालें हमारे क्षेत्र में सामने आ रही हैं। चुनाव में पराजित प्रत्याशियों के प्रति ग्रामीणों का स्नेह और समर्थन देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत केऊ नई के गुवाड़ में ग्रामीणों ने हारे हुए प्रत्याशी प्रतिनिधि गोवर्धनराम मेघवाल का सम्मान कर उन्हें आर्थिक संबल प्रदान किया।



मंगलवार को गांव की गुवाड़ स्थित बाबा साहेब के समक्ष आयोजित समारोह में ग्रामीणों ने गोवर्धनराम को साफा पहनाकर सम्मानित किया तथा 1 लाख 51 हजार रुपए के नोटों की माला पहना कर उनके प्रति आभार जताया। इस सामूहिक सहयोग के जरिए ग्रामीणों ने संदेश दिया कि चुनावी हार के बावजूद गांव के प्रति उनके योगदान और सेवाभाव का सम्मान बरकरार है। इस अवसर पर गोवर्धनराम मेघवाल ने सभी ग्रामीणों का आभार जताया और सदैव गांव के हित में कार्य करते रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में चेतनराम, मुखराम, डालाराम, चेतन बौद्ध, केसाराम, गुमानाराम, मांगी लाल, भानीराम, राजाराम, रामूराम, सुशील कुमार, चंदाराम बावरी, डूंगरराम मेहरा, दानाराम, रामचंद्र नायक सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। क्षेत्र के अनेक गांवों में चुनाव के बाद इस तरह के सामाजिक सहयोग और सम्मान के आयोजन हो रहे हैं। ग्रामीण साम ूहिक रूप से राशि एकत्र कर चुनाव हारने वाले प्रत्याशियों को आर्थिक सहयोग देने के साथ उनका हौसला बढ़ा रहे हैं। ये आयोजन गांवों में आपसी सद्भाव और सामाजिक एकजुटता की नई तस्वीर पेश कर रहे हैं।

सहकारिता के भावना के साथ चलाएंगें पंचायत, ओमप्रकाश ग्रामीणों व क्षेत्र के प्रबुद्धजनों ने किया अभिनंदन

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 11 नवम्बर 2026। ग्राम पंचायत राजनीति का नहीं बल्कि पुरे गांव को साथ लेकर गांव के समग्र विकास का केन्द्र होना चाहीए एवं अब ग्राम पंचायत बेनीसर को सहकारिता के भावनाओं के साथ चलाएगें। यह बात कही ग्राम पंचायत बेनीसर की नवनिर्वाचित सरपंच रूपादेवी डोगीवाल के प्रतिनिधि उनके पुत्र ओमप्रकाश डोगीवाल ने कही एवं मौका था उनके अभिनंदन समारोह का। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से डोगीवाल का अभिनंदन किया एवं आर्शीवाद दिया। इस मौके पर ग्राम पंचायत के बेनीसर एवं भोजास दोनो गांवों के वरिष्ठ एवं युवा मौजूद रहे। कार्यक्रम में अतिथि रूप में पंहुचें राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिलाध्यक्ष हरिराम बाना, एवं गत चुनावों में विजयी रहे इंदपालसर गुंसाईसर से तोलाराम जाखड़, लखासर से गोरधन खिलेरी, दुसारणा सरपंच दानाराम सेरडिया, लिखमीसर उत्तरादा से श्रवणराम जाखड़, सूदसर कोडाराम भादू, बिग्गाबास रामसरा से रामेश्वरलाल, गोपालसर से अशोक बुडिया, कल्याणसर नया से मोहलाल गोदारा, कोटासर से राजूराम सारण, हेमासर से नारायणदास स्वामी, स्वरू पदेसर से हरिराम सिहाग, तेजरासर से श्रीलाल जाखड़ आदि का भी ग्रामीणों ने सम्मान किया। कार्यक्रम संयोजन शिक्षक रामलाल जाखड़ ने किया एवं ओमप्रकाश डोगीवाल ने सभी का आभार जताया।



सारस्वत का सरपंचों ने किया सम्मान- दीपावली स्नेह मिलन में शामिल हुए अनेक जनप्रतिनिधि

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 10 नवंबर 2026। दीपावली के अवसर पर श्रीडूंगरगढ़ विधायक सेवा केंद्र में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों का जमावड़ा लगा। क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों से पहुंचे नवनिर्वाचित सरपंचों, उपसरपंचों, सरपंच प्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक ताराचंद सारस्वत का साफा पहनाकर, पुष्पमालाएं एवं गुलदस्ते भेंट कर अभिनंदन किया। नवनिर्वाचित सरपंचों ने विधायक का मुंह मीठा करवाकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। विधायक सेवा केंद्र में आयोजित इस मिलन समारोह में जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं में उत्साह नजर आया। विधायक ताराचंद सारस्वत ने सभी का आभार जताते हुए विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और आमजन के सहयोग से विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की बात कही।



इन पंचायतों के जनप्रतिनिधि रहे मौजूद।

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। बाड़ेला से सरपंच मूलाराम सारण, लिखमादेसर से मदन मेघवाल, धर्मास से जिनकदास, सोनियासर शिवदानसिंह से प्रतिनिधि अशोक सिंह, गोपालसर से सरपंच प्रतिनिधि रामरतन बुड़िया, लिखमीसर दिखनादा से संतोष मेघवाल, लिखमीसर उतरादा से सरपंच प्रतिनिधि मांगीलाल भुंवाल, हेमासर से सरपंच प्रतिनिधि नारायण दास स्वामी व उपसरपंच गोविन्द सारस्वत, सत्तासर से सरपंच प्रतिनिधि किशन सिंह, सतासर से उपसरपंच मोहन सिंह, जैतासर से ओमप्रकाश नाई, बापेऊ से सरपंच प्रतिनिधि तेजाराम बावरी व उपसरपंच दीपाराम, धीरदेसर चोटियान से सरपंच प्रतिनिधि सीताराम पड़िहार, बिंझासर से सरपंच प्रतिनिधि मनोहरलाल कड़वासरा, समंदसर से सरपंच पोमाराम नायक, सांतलेरा से सरपंच मालाराम तावानियां, डेलवा से सरपंच प्रतिनिधि सहीराम डेलू, बाना से सरपंच भंवरलाल बाना तथा देराजसर से सरपंच प्रतिनिधि हनुमान भादू व हुकमाराम भादू सहित अनेक जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहें।

पूर्व प्रधान को हरा कर राजनैतिक धमक बिखरने वाले भूंवाल ने की विधायक सहित अधिकारियों से शिष्टाचार मुलाकात

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 11 नवम्बर 2026। सरपंच चुनावों के दौरान क्षेत्र के सबसे रोचक चुनावों में से एक चुनाव रहा ग्राम पंचायत लिखमीसर उत्तरादा का, यहां पूर्व प्रधान एवं कांग्रेस के दिग्गज नेता सुरजाराम भूंवाल की पुत्रवधु मैदान में थी एवं उनके सामने बीकानेर प्रवासी हुए गांव के युवा मांगीलाल भूंवाल की पत्नी सुमन ने चुनाव लड़ा था। इस रोचक एवं चर्चित चुनाव के दौरान कांग्रेस नेता भूंवाल व भाजपा विधायक ताराचंद सारस्वत की उनके आवास पर हुई मुलाकात के बाद राजनीतिक चर्चाएं और अधिक बढ़ गई थी। ऐसे चुनाव में जीत हासिल कर राजनैतिक धमक बिखरने वाले मांगीलाल भूंवाल ने मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक एवं अधिकारियों से शिष्टाचार मुलाकात की। विधायक ताराचंद सारस्वत के आवास पर पहुंच कर भूंवाल ने विधायक का अभिनंदन किया एवं गांव के विकास के सपने को साकार करने के प्रयास शुरू करते हुए, विधायक सारस्वत से ग्राम विकास के लिए मार्गदर्शन करने एवं सहयोग देने की अपील की। इस मौके पर सारस्वत ने भी भूंवाल का अभिनंदन करते हुए ग्राम विकास के लक्ष्य को प्राथमिकता देने एवं ईमानदारी के साथ ग्राम सेवा करने की प्रेरणा दी। भूंवाल ने मंगलवार को तहसीलदार श्रीवर्धन शर्मा, श्रीडूंगरगढ़ थानाधिकारी कश्यपसिंह, शेरूणा थानाधिकारी इमीचंद से भी शिष्टाचार मुलाकात की एवं गांव के संबंध में सार्थक चर्चाएं की।



मोमासर में नवनिर्वाचित सरपंच मनफूलराम गोदारा सहित पूरी पंचायत टीम का नागरिक अभिनंदन

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 11 नवंबर 2026। ग्राम पंचायत मोमासर के नवनिर्वाचित सरपंच मनफूलराम गोदारा सहित उपसरपंच और सभी 29 वार्ड पंचों का विनोद भवन के सामने आयोजित समारोह में नागरिक अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने नई पंचायत टीम का स्वागत करते हुए उन्हें गांव के विकास और जनसमस्याओं के समाधान की जिम्मेदारी निभाने की शुभकामनाएं दीं। समारोह में सर्वप्रथम उपसरपंच पन्नाराम वाल्मीकि का स्वागत किया गया। इसके बाद सभी 29 वार्ड पंचों और अंत में सरपंच मनफूलराम गोदारा का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पूर्व उपसरपंच जुगराज संचेती, ग्रामीण जगत सिंह पटावरी, पूर्व प्रधान मगाराम मेघवाल, उपसरपंच पन्नाराम वाल्मीकि एवं ऋषभ संचेती ने विचार व्यक्त किए और सरपंच, उपसरपंच सहित पूरी टीम को बधाई दी।



आचार संहिता हटते ही पूरे होंगे वादे।

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। सरपंच मनफूलराम गोदारा ने ग्रामीणों का आभार जताते हुए कहा कि आचार संहिता समाप्त होते ही चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा करने की दिशा में तत्काल काम शुरू किया जाएगा। उन्होंने गांव में मृत पशुओं के निस्तारण की समस्या पर जानकारी देते हुए बताया कि इसके लिए एक वैन की व्यवस्था कर ली गई है। जिस ग्रामीण के यहां मृत पशु की समस्या हो, वह ग्राम पंचायत को फोन कर सूचना दे सकता है। समस्या का समाधान होने के बाद संबंधित व्यक्ति को वापस फोन करके कार्य पूरा होने की जानकारी भी दी जाएगी। कार्यक्रम में बाबूलाल सारण, बाबूलाल खटीक, तुलसाराम बांगुड़ा, अनीराम भामू, भेराराम गोदारा, हुनताराम गोदारा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन धन्नाराम गोदारा ने किया।

हारे हुए सरपंच प्रत्याशी को ग्रामीणों ने 51 किलो की फूलमाला के साथ 21 लाख रुपए का सहयोग देकर सम्मान किया, दोहराया सक्रियता का संकल्प



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 11 नवंबर 2026। पंचायती राज चुनाव में हार-जीत से ऊपर उठकर ग्रामीणों का स्नेह और समर्थन मिलने की एक और मिसाल ग्राम पंचायत मोमासर में सामने आई है। यहां सरपंच चुनाव में पराजित प्रत्याशी पूर्व सरपंच जेठाराम भाम्मू का ग्रामीणों ने मंगलवार शाम को 51 किलो की फूलमाला पहनाकर 21 लाख रुपए का सहयोग देकर सम्मान किया। भामूं के घर पहुंचे समर्थकों व ग्रामीणों ने सामूहिक सहयोग से एकत्र राशि 21 लाख रूपए की राशि सौंपी। सभी ने उन्हें साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर उनके समर्थकों ने एकजुटता जताई व भामूं ने भी सभी का आभार जताते हुए ग्रामीणों के सहयोग में लगातार सक्रिय रहने का संकल्प किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और समर्थक मौजूद रहे। चुनाव परिणाम के बाद मिले इस सम्मान से गांव में चर्चा का माहौल रहा। क्षेत्र में चुनाव के बाद हारे हुए प्रत्याशियों के सम्मान और आर्थिक सहयोग के अनेक आयोजन सामाजिक एकजुटता व समरसता की मिसाल बन रहे हैं।





खेत की ढाणी में लगी आग, नकदी-जेवर सहित लाखों का सामान जलकर राख, किसान परिवार हुआ मायूस



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 11 नवंबर 2026। क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक खेत में बनी ढाणी में आग लगने से काश्तकार परिवार का लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। घटना के समय परिवार का मुखिया खेत में काम कर रहा था। उसी दौरान आग की जानकारी मिलने पर उसने बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक पूरी ढाणी और उसमें रखा सामान जल चुका था।

नकदी, जेवर और अनाज सहित सब कुछ राख

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। राजलदेसर निवासी पीड़ित 40 वर्षीय पीराराम पुत्र सुरजाराम जाट ने श्रीडूंगरगढ़ थाने में रिपोर्ट देते हुए बताया कि वह सालासर रेलवे फाटक के पास श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में स्थित खेत में काश्त करता है और परिवार सहित वहीं ढाणी में रहता है। सोमवार 9 नवंबर की दोपहर करीब 3:30 बजे वह खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान शॉर्ट सर्किट से ढाणी में आग लग गई। आग में ढाणी में रखा सात क्विंटल ग्वार, दस क्विंटल गेहूं, 97 हजार रुपए नकद, दो-तीन तोले के सोने के आभूषण, ओढ़ने-पहनने के कपड़े और घरेलू सामान जल कर खाख हो गया। इसके अलावा रसोई का सामान, खल की एक बोरी, 12,700 रुपए का सरसों का बीज, 20 हजार रुपए की सरसों की दवाई, एक मोबाइल एंड्रॉयड सहित अन्य सामान भी आग की भेंट चढ़ गया। पीड़ित ने बताया कि आग का पता चलते ही उसने बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी फैल चुकी थी कि पूरा सामान जलकर राख हो गया। पीराराम ने थानाधिकारी को रिपोर्ट देकर घटना की जानकारी दी है और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं आस पास के किसानों ने पटवारी को सूचना देकर परिवार की सहायता करने की मांग की है।

जम कर चले पटाखे शहर में एक दर्जन स्थानों पर लगी आग, रात भर दौड़ती रही दमकलें



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 11 नवम्बर 2026। दीपावली महापर्व के मौके पर क्षेत्रवासियों में भव्यता के साथ जम कर आतिशबाजी की। रात भर पटाखों की गूंज शहर में सुनाई दी एवं लोगों में खूब आनंद लिया। इसका साईड इफेक्ट शहर में करीब एक दर्जन स्थानों पर आग लगने का भी हुआ। नगरपालिका दमकल एवं आपणो गांव सेवा समिति की दमकल रात भर दौड़ती रही। विदित रहे कि इस बार नगरपालिका द्वारा भी पटाखों से आग की घटनाओं की संभवना के चलते पूर्व तैयारी की थी एवं हेल्पलाईन नम्बर जारी किए थे। पालिका एसआई कमल चांवरिया ने बताया कि दीपावली की आतिशबाजी से कालूबास के मेघवालों के मोहल्ले में एक झोंपड़े में, किशनाराम नाई के पेट्रोल पम्प के पास नाई शमशान भूमि पर पड़ी लकड़ियों में, हाईवे पर स्थित कमला नगर में एक बाड़े में, मातुश्री भवन के पास एक बाड़े में, नानूदेवी स्कूल के पास एक बाड़े में पड़ी लकड़ियों में, एसबीआई बैंक के पास बाड़े में दो बार, बोथरा कुंए के पास एक बाड़े में, नानूदेवी स्कूल के पास एक झोंपड़े में, भैंरूजी मंदिर के पास एक पुराने मकान में आग लगने की घटनाएं हो गई। हालंकी सभी जगहों पर कचरा, छांद एवं चारा, लकड़ियां जलने की घटनाएं ही हुई है। वहीं दूसरी और बिग्गाबास स्थित डागा बॉयज स्कूल के स्टोर में गली से लगती खिड़की में से शरारती तत्वों ने पटाखें अंदर फेंक दिए। जिससे वहां पड़ा कबाड़, टुटा हुआ फर्नीचर, पुरानी किताबें आदि जल कर खाख हो गए। इन घटनाओं में आग पर काबु पाने के लिए नगरपालिका दमकल, आपणो गांव सेवा समिति की दमकल एवं मोहल्लेवासी अपने स्तर पर सक्रिय रहे।

पुराने मुकदमे में विरुद्ध गवाही दी और अब नहीं दिए सरपंचाई में वोट, मारपीट कर युवक का फोड़ा सिर

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 11 नवंबर 2026। पुराने मामले में विरुद्ध में गवाही देने एवं अब सरपंच चुनाव में वोट नही देने की रंजिश के चलते युवक से मारपीट कर सिर फोड़ देने का मामला श्रीडूंगरगढ़ थाने में दर्ज हुआ है। श्रीडूंगरगढ़ थानाधिकारी कश्यप सिंह ने बताया कि गांव मोमासर निवासी मेघाराम मेघवाल ने पुलिस को लिखित रिपोर्ट देकर मामला दर्ज करवाया है। परिवादी ने पुलिस को बताया कि रविवार को दीपावली की रात करीब 8.45 बजे वह अपने भाई सांवरमल के साथ बोलेरो पिकअप गाड़ी में मोमासर रोही स्थित खेत जा रहा था। रास्ते में सरपंच चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी जेठाराम भामू मिला व उसका रास्ता रोक जातिसूचक गालियां देने लगा। भामू ने सबक सीखा देने की बात कही एंव इसी दौरान वहां घात लगाकर बैठे लूणाराम भामू, नंदराम, पुष्पा और धापू पुत्र-पुत्रियां लूणाराम हाथों में लाठियां व कुल्हाड़ी लेकर आए और गाड़ी को घेरकर उसके शीशे तोड़ दिए। आरोप है कि लूणाराम ने गाली-गलौज करते हुए पूर्व में दर्ज मुकदमें में गवाही देने पर उसके साथ मारपीट की। आरोपियों ने दोनों भाइयों को गाड़ी से नीचे उतारकर मारपीट की, जिसमें सांवरमल का सिर फूट गया और वह लहूलुहान हो गया।

तीन घंटे तक रास्ते पर पड़ा रहा घायल।

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। जानकारी के अनुसार मारपीट के बाद आरोपी गाड़ी में बैठकर फरार हो गए और गांव में नहीं रहने देने की धमकी दी। घायल सांवरमल करीब तीन घंटे तक रास्ते पर पड़ा रहा। पुलिस मौके पर पहुंची और उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बीकानेर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने परिवादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कीटनाशक के असर से तबीयत बिगड़ी, ईलाज के दौरान कृषक ने दम तोड़ा

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 11 नवंबर 2026। कीटनाशक के असर से क्षेत्र में एक कृषक की तबीयत बिगड़ गई और ईलाज के दौरान कृषक ने दम तोड़ दिया। सेरूणा रोही में दुसारना बड़ा निवासी 46 वर्षीय हड़मानराम पुत्र फुसाराम मेघवाल की 2 नवंबर को खेत में कचरे का छिड़काव करने के दौरान जहर चढ़ जाने से तबीयत खराब हो गई। जिसे परिजन पीबीएम अस्पताल लेकर गए। यहां ईलाज के दौरान हड़मानाराम ने सोमवार को दम तोड़ दिया। मृतक के चचेरे भाई गोपीचंद मेघवाल ने पुलिस को रिपोर्ट देते हुए मर्ग दर्ज करवाई। हैड कांस्टेबल सोमवीर ने पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया व मामले की जांच शुरू कर दी है।

गाली गलौच करते हुए घर में पत्थर फैंकने, गाड़ी के शीशे तोड़ देने के आरोप में दो गुटों ने थाने में परस्पर मामले दर्ज करवाए

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 11 नवंबर 2026। गाली गलौच करते हुए घर में पत्थर फैंकने, गाड़ी के शीशे तोड़ देने, मारपीट करने व गालियां देने के आरोप में दो गुटों ने सेरूणा थाने पहुंचकर परस्पर आरोप लगते हुए दो मामले दर्ज करवाए है। सेरूणा थाने में परिवादी गोपालसर निवासी 54 वर्षीय भंवरलाल सुथार ने इसी गांव के कमल जाट, ओमप्रकाश, मनोज निवासी दुलचासर के खिलाफ आरोप लगाए है। परिवादी ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने एकराय होकर गाली गलौच करते उसके घर में पत्थर फैंके। वहीं दूसरे मामले में 24 वर्षीय कमल जाट ने भंवरलाल, जगदीश, नेमाराम, पूनमचंद, श्रीकिशन, मनोज, राधेश्याम सुथार निवासी गोपालसर के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। परिवादी ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने उसके व उसके साथियों के साथ मारपीट की और उसकी गाड़ी के शीशे तोड़ दिए। पुलिस ने मामले दर्ज कर दोनों मामलों की जांच एएसआई जगदीश प्रसाद को दी है।

लक्ष्मी पूजन के दीपक से लगी आग, 1.75 लाख रुपए के नोट जले, किसान को हुआ नुकसान



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 11 नवंबर 2026। दीपावली पर घर में लक्ष्मी पूजन के दौरान जलाया गया दीपक एक किसान के लिए आर्थिक नुकसान का कारण बन गया। दीपक से पूजन की चौकी पर रखी सामग्री ने आग पकड़ ली और देखते ही देखते चूनरी, बही-खाते सहित करीब 1 लाख 75 हजार रुपए नकद जलकर राख हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव बीरमसर निवासी रामलाल सांसी के घर रविवार रात लक्ष्मी पूजन किया गया था। पूजन संपन्न होने के बाद परिवार के सभी सदस्य पटाखे चलाने के लिए घर से बाहर चले गए। इसी दौरान पीछे कमरे में जल रहे दीपक से पूजन की चौकी पर रखे सामान ने आग पकड़ ली। आग की चपेट में पूजन सामग्री, चूनरी, बही-खाते और नकदी आ गई। घटना में किसान को डेढ़ लाख रुपए से अधिक का आर्थिक नुकसान हुआ। वहीं गांव जालबसर निवासी देवकरण शर्मा ने बैंक कर्मियों से संपर्क कर जले हुए नोटों को बदलवाने के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि जो नोट नियमानुसार बदलने योग्य होंगे, उन्हें बैंक के माध्यम से बदलवाया जा सकेगा।

सेवा भारती ने जरूरतमंद परिवारों के साथ मनाई दीपावली, समरसता के माहौल में खूब छोड़े पटाखे



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 11 नवंबर 2026। सेवा भारती समिति श्रीडूंगरगढ़ के बैनर तले रविवार को दीपावली का पर्व सेवा व समरसता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों और बच्चों ने साटिया बस्ती पहुंचकर परिवारों के साथ दीपोत्सव का पर्व मनाया। समिति सदस्यों ने बस्ती के परिवारों को दीपावली पर्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बस्ती के प्रत्येक परिवार को दीपक, तेल, बाती एवं मिठाई वितरित की। इस सेवा कार्य में सेसोमू स्कूल की पद्मा मूंधड़ा, राकेश, नीता, दयानन्द स्कूल के सुभाष शास्त्री व मंजू ओला सेवा भारती समिति के सदस्य भवानी, कालूराम, शशिदेव, बालकराम, जगदीश सिंह सांखला, दीपा एवं गौरा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान भोजन प्रसादी का आयोजन हुआ। सेवा भारती के सदस्यों, बस्ती के बच्चों एवं अन्य मौजिज लोगों के साथ मिलकर पटाखे जलाए और बच्चों के साथ दीपावली का पर्व मनाया।

नवनिर्वाचित सरपंच ने उठाया स्वच्छता का बीड़ा, युवाओं व ग्रामीणों के साथ शुरू किया अभियान



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 11 नवंबर 2026। ग्राम पंचायत दुसारना पंडरिकजी में नवनिर्वाचित सरपंच दानाराम सेरड़िया ने गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में नई पहल की है। सोमवार सुबह सरपंच ने गांव के सक्रिय युवाओं एवं ग्रामीणों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया। इस दौरान स्वयं झाड़ू उठाई और सफाई कार्य में जुटकर उन्होंने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। जनप्रतिनिधि के स्वयं श्रमदान करने से युवाओं और ग्रामीणों में भी अभियान के प्रति उत्साह नजर आया। इस मौके पर सरपंच ने ग्रामीणों से गांव के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए गांव को साफ सुथारा बनाकर स्वच्छ वातावरण बनाने के लिए जागरूक होकर अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। जिससे सबसे पहले स्वच्छ ग्राम पंचायत बने उसके बाद विकास कार्य हो सकें। नवनिर्वाचित सरपंच की इस पहल को गांव के लिए सकारात्मक कदम बताते हुए ग्रामीणों ने सराहना की।

जसनाथजी के अवतार दिवस पर युवा करेंगे मानव सेवा, 20 नवंबर को होगा विशाल रक्तदान शिविर

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 11 नवंबर 2026। श्रीदेव जसनाथजी महाराज के 545वें अवतार दिवस के अवसर पर सेवा और समर्पण की भावना के साथ 20 नवंबर को श्रीडूंगरगढ़ की सिद्ध धर्मशाला में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। सिद्ध युवा महासभा, बीकानेर की ओर से आयोजित इस शिविर के माध्यम से युवा पीड़ित मानवता की सेवा में रक्तदान कर अपना योगदान देंगे। शिविर को लेकर महासभा अध्यक्ष मुन्नानाथ सिद्ध सहित कार्यसमिति सदस्यों ने व्यापक तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। अध्यक्ष मुन्नानाथ सिद्ध ने बताया कि आयोजन में समाज के मौजिज लोगों और युवाओं की सक्रिय भागीदारी रहेगी। उन्होंने कहा कि जसनाथजी महाराज के अवतार दिवस को मानव सेवा के संकल्प के साथ मनाने के उद्देश्य से सार्थक आयोजन किया जाएगा। शिविर में ओमनाथ सिद्ध, सत्यनारायण तथा एडवोकेट महावीर सिद्ध दानदाता के रूप में सहयोग करेंगे। महासभा ने समाज के युवाओं एवं प्रबुद्धजनों से शिविर में भाग लेकर रक्तदान के इस सेवा अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया है।

छोटी दिवाली की रात गहने व 95 हजार रूपए लेकर पत्नी हुई लापता, पति ने एक नामजद के खिलाफ लगाए आरोप, मामला दर्ज

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 11 नवंबर 2026। एक पत्नी अपनी ढाणी से गहने व 95 हजार रूपए नगदी लेकर लापता हो गई। परेशान पति ने उसी के गांव के एक युवक के खिलाफ आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है। श्रीडूंगरगढ़ थाने में 26 वर्षीय रामनारायण निवासी धनेरू ने इसी गांव के केशुराम मेघवाल के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। परिवादी ने पुलिस को बताया कि 7 नवंबर छोटी दिवाली के दिन उसका फोन ऑफ हो जाने के कारण वह अपनी पत्नी सोना का फोन लेकर धनेरू रोही में स्थित अपनी ढाणी से बीदासर गया था। उसी रात करीब 9 बजे उसकी पत्नी के फोन पर एक फोन आया और फोन करने वाले अपना नाम केशुराम मेघवाल निवासी धनेरू बताया। आरोपी ने परिवादी को गालियां देते हुए सोना का फोन लेने व उसे लेजाकर उसके साथ विवाह करने की धमकी दी। जब उसने पत्नी को ओलमा दिया तो उसने कहा कि आरोपी उसे तंग परेशान करता है। उसी रात जब वे खाना खाकर सो गए तो रात करीब 1.30 बजे उसकी आंख खुली। उसने देखा उसकी पत्नी सोना ढाणी में नहीं थी। उसने आसपास भी उसकी तलाश की परंतु वह नहीं मिली। उसकी ढाणी में संदूक खुली पड़ी थी, जिसमें पत्नी अपने साथ 95 हजार रूपए व सोने चांदी के गहने भी अपने साथ ले गई। सुबह उसे जानकारी मिली की आरोपी भी गायब है। परिवादी ने पुलिस से पत्नी सहित पैसे गहने बरामद कर उसे सौंपने की मांग की और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने इसकी जांच एएसआई राजकुमार को सौंप दी है।



क्रिकेट खिलाड़ी कंचन का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट चैंपियनशिप में चयन, तीन छात्राएं राष्ट्रीय स्तर पर भी दिखाएंगी दमखम



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 11 नवंबर 2026। ग्रामीण प्रतिभाओं को अवसर मिले तो वे बड़े मंचों तक अपनी पहचान बना सकती हैं। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, बादनू की छात्राओं ने क्रिकेट खेल में क्षेत्र के लिए उदाहरण पेश किया है। विद्यालय की तीन छात्राओं का राष्ट्रीय स्तरीय बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। वहीं कक्षा 12वीं की छात्रा कंचन पुत्री भागीरथ कुमावत का चयन श्रीलंका के कोलंबो में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय 'टेस्ट ट्वेंटी चैंपियनशिप' के लिए हुआ है। कंचन इस प्रतियोगिता में दुनिया भर से चयनित 160 खिलाड़ियों में शामिल होकर भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। सरकारी विद्यालय की छात्राओं का राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चयन होने से गांव और विद्यालय में खुशी का माहौल है।

दीपोत्सव के उल्लास के बीच घर-घर हुआ गोवर्धन पूजन, महिलाओं ने बच्चों की खुशहाली की कामना की









श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 11 नवंबर 2026। श्रीडूंगरगढ़ शहर सहित ग्रामीण अंचल में दीपोत्सव का पर्व धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। धनतेरस से भाईदूज तक घरों में उत्सव की रौनक बनी रही और बाजारों से लेकर घर-आंगन तक दीपोत्सव की खुशियां नजर आईं। दीपावली के बाद गोवर्धन पूजन को लेकर भी घरों में विशेष उत्साह देखने को मिला। क्षेत्र में अनेक घरों में सोमवार सुबह तो कई घरों में मंगलवार सुबह गोवर्धन पूजन किया गया। महिलाओं ने घरों के आंगन व मुख्य द्वार के समीप गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान परिवार की सुख-समृद्धि और बच्चों के सुखद भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं खुशहाली के लिए मंगलकामनाएं की गईं।

तहसीलदार को दिया ज्ञापन, गौशालाओं को पशु लेने के लिए पाबंद करने की मांग



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 11 नवंबर 2026। आपणो गांव श्रीडूंगरगढ़ सेवा समिति के सदस्यों ने तहसीलदार श्रीवर्द्धन शर्मा को ज्ञापन देकर घायल व लाचार स्थित में पड़े गौवंश को बिना शर्त गौशालाओं में लेने के लिए पाबंद करने की मांग की। समिति ने बताया कि गौशालाएं राज्य सरकार द्वारा अनुदानित संस्थाएं है और ऐसे में समिति द्वारा लाए जाने वाले गौवंश को लेने के लिए मना नहीं करने के लिए पाबंद किया जावे। इस दौरान समिति के अनेक युवा मौजूद रहें।

लौटाया खोया हुआ बैग, युवक ने जताया आभार

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 11 नवंबर 2026। मंगलवार को नापासर से बीकानेर दिल्ली ट्रेन में रवाना हुए मंथन पारीक का सामान श्रीडूंगरगढ़ में एक टैक्सी में भूलवश छूट गया। पारीक की अपील पर श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स में उनकी मदद के लिए प्रमुखता से खबर का प्रकाशन किया गया। खबर पढ़कर टैक्सी चालक सोनू सब्जीफरोश ने खबर में दिए नबंर पर संपर्क किया। सोनू ने अटैची लौटा दी और अटैची मिलने पर मंथन ने श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स का आभार जताते हुए कृतज्ञता जताई। वहीं सोनू सब्जीफरोश ने बताया कि वह टाइम्स के नियमित पाठक है और आज टाइम्स की मदद से वे अटैची मालिक तक पहुंचा पाए है।



मुख्यमंत्री की पोस्ट में नजर आया श्रीडूंगरगढ़ का बालक कृष्णा, दीपावली के स्नेह मिलन कार्यक्रम में शामिल हुआ परिवार

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 11 नवंबर 2026। जयपुर स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मंगलवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा मंगलवार को आयोजित दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम में श्रीडूंगरगढ़ निवासी व भारतीय सैन समाज के राष्ट्रीय महामंत्री मांगीलाल नाई परिवार सहित शामिल हुए। उन्होंने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मांगीलाल नाई के साथ उनकी माता श्रीमती किसना देवी, पत्नी संजना देवी, पुत्र कृष्णा एवं छोटी बेटी कृतिका भी मौजूद रहे। परिवार ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को सांवरिया सेठ का चित्र भेंटकर दीपावली की मंगलकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा की फोटो में कृष्णा का फोटो भी शामिल किया है।





मोमासर से बीकानेर लग्जरी बस सेवा शुरू, मोमासर, सत्तासर के ग्रामीणों ने किया स्वागत



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 11 नवंबर 2026। मंगलवार सुबह भैयादूज के दिन सुबह गांव मोमासर से बीकानेर के लिए पहली फुल लग्जरी एसी बस सेवा का संचालन शुरू हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने मोमासर बस स्टैण्ड पर बस के स्टाफ व संचालनकर्ताओं का स्वागत किया। मोमासर के गणेश धोरा महंत बिहारीनाथ जी द्वारा बस की रवानगी करवाई गई, इस दौरान पूर्व उपसरपंच जुगराज संचेती, तेजपाल सारण, सुगनाराम गोदारा, आसुराम गोदारा, सुरेश प्रजापत, भीखाराम गोदारा, बीरबल पूनियां, बुधराम सहू, रामनिवास शर्मा, पप्पू भार्गव, बनवारी कुमावत, पवन सैनी, श्रवण गोदारा, नरपत सिंह, सुरेश खटीक, भादर गोदारा, पप्पू सिंवल सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहें। बस के रवाना होकर सत्तासर पहुंचने पर ग्रामीणों ने स्वागत किया गया। ग्राम पंचायत सत्तासर सरपंच प्रतिनिधि किशन सिंह पंवार, ओमप्रकाश सहू, बाबूलाल शर्मा, अर्जुन सिंह, माधराम शर्मा, भिंयाराम मेघवाल समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित रहें। बस चालक ओमसिंह इन्दपालसर ने सभी का आभार व्यक्त किया। बस के पतराम जाखड़ व अनिल जाखड़ ने सुविधाओं की जानकारी देते हुए सुरक्षित सफर का वादा किया। एडवोकेट अनिल धायल ने जानकारी देते हुए बताया की तमाम लग्जरी सुविधाओं से युक्त यह बस मोमासर से सुबह 9.30 बजे रवाना होकर 9.40 पर सत्तासर, 9.50 पर लिखमादेसर, 10.25 पर श्रीडूंगरगढ़ और 11.45 पर बीकानेर पहुंच कर अस्पताल वाली सवारियों को पीबीएम अस्पताल तक छोड़ेगी वहीं वापसी में बीकानेर म्यूज़ियम सर्किल से दोपहर 01 बजे रवाना होकर 02.20 पर श्रीडूंगरगढ़ और 02.50 पर लिखमादेसर, 03.00 बजे सत्तासर व 03.15 पर मोमासर पहुँच जाएगी।

संतोषसागर जी महाराज ने किया आड़सर सरपंच का अभिनंदन, दी सेवा की प्रेरणा



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 11 नवंबर 2026। संत संतोषसागर जी महाराज ने सोमवार को आड़सर पहुंचकर नवनिर्वाचित सरपंच भगवती प्रसाद जोशी का अभिनंदन किया। महाराज ने राजनीति को जनता की सेवा का माध्यम बताते हुए मन से मतों का मान रखने व जनसेवा करने की प्रेरणा दी। इस मौके पर रामकिशन पांडिया, राम सोनी, दिलीप करनाणी आदि उनके साथ रहें। जोशी ने सभी का आभार जताते हुए जन भावनाओं के अनुरूप गांव में कार्य करवाने की बात कही।

श्रीडूंगरगढ़ में अगले 45 दिन बिजली आपूर्ति रहेगी प्रभावित, 220 केवी जीएसएस पर नए ट्रांसफॉर्मर की स्थापना का कार्य शुरू

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 11 नवंबर 2026। श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना बिजली विभाग से आई है। 220 केवी जीएसएस श्रीडूंगरगढ़ में 220/132 केवी क्षमता के नए 200 एमवीए ट्रांसफॉर्मर की स्थापना एवं संबंधित विद्युत कार्यों के चलते आगामी 45 दिनों तक बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। इस दौरान आवश्यकता के अनुसार बिजली कटौती और आपूर्ति में व्यवधान होगा। राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता (टीएंडसी), बीकानेर द्वारा जारी सूचना के अनुसार नए ट्रांसफॉर्मर की स्थापना के लिए वर्तमान में स्थापित 220/132 केवी, 100 एमवीए ट्रांसफॉर्मर का शटडाउन रहेगा। इसके चलते इससे जुड़े क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति पर असर पड़ेगा। निगम के एक्सईएन बीकानेर विवेक गुप्ता ने श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स को बताया कि यह कार्य विद्युत व्यवस्था को अधिक बेहतर और सुचारू बनाने के लिए किया जा रहा है। इससे क्षेत्र के उपभोक्ताओं को असुविधा होगी। इसके लिए खेद जताते हुए इस अवधि में सहयोग एवं धैर्य बनाए रखने की अपील की गई है।

भारती निकेतन स्कूल, श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर) No.1 SCHOOL

IIT Advanced Result 2026

AIR-603 (GEN-EWS) PANKAJ SHARMA S/o Ravataram Sharma CLASSROOM FOUNDATION STUDENT 2025

AIR-901 (OBC) MRIDUL VERMA S/o Sanjay Verma CLASSROOM FOUNDATION STUDENT 2025

AIR-2683 (GEN-EWS) SUBHAM BOTHRA S/o Pramod Kumar Bothra CLASSROOM STUDENT 2026

218 विद्यार्थी 90% से ऊपर

वर्ष 2020 एवं 2026 में

2 बार राजस्थान टॉपर के साथ IIT Advanced में सलेक्शन

1st RAJASTHAN TOPPER Bhagirath 500/500

Hindi 100/100 English 100/100 Physics 100/100 Chemistry 100/100 Maths 100/100

भारती निकेतन के लाल का कमाल 100.00%

4th STATE MERIT XII Sci. 99.00% Shubham Bothra

7th STATE MERIT XII Sci. 98.40% Licchman Bhari

7th STATE MERIT XII Sci. 98.40% Mukesh Singh

8th STATE MERIT XII Sci. 98.20% Rohit

8th STATE MERIT XII Sci. 98.20% Sunita

8th STATE MERIT XII ARTS 98.20% Garima Meena

9th STATE MERIT X 98.17% Vasudev Swami

यहां बनते हैं IITians, Doctors और Board Toppers

70144-44381

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स कार्यालय : फर्स्ट फ्लोर, टीएम प्लाजा, पुरानी घास मंडी, मैन मार्केट, श्रीडूंगरगढ़ सम्पादक : कपिला स्वामी 94149 17401, प्रबंधक : विशाल स्वामी 94144 17401